# PAPER-01 LANGUAGE

## Part – 1 / भाग – 1

**Maximum Marks – 20**

**अधिकतम अंक – 20**

**नोट :** इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

1. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए ।
   (i) वह घर आया और उसने भोजन किया (सरल वाक्य)
   (ii) परिश्रमी व्यक्ति अवश्य सफल होता है (मिश्र वाक्य)

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

2. संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखिए ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

3. सूर्योदय होते ही पक्षियों ने चहचहाना शुरू कर दिया ।
   (i) उपर्युक्त वाक्य किस कोटि का है ?
   (ii) उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

4. (i) पानी बरसता, तो पौधे बढ़ते ।
   (ii) अरे, जीना है, तो हँसकर जीओ ।
   उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार के हैं ?(इच्छार्थक, संकेतवाचक, संदेहार्थक, विस्मयादिबोधक)

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

5. 'अर्धविराम' किसे कहते हैं ? इसका प्रयोग कब होता है ?

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

6. बस हो गया रहने दो
   उपर्युक्त वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाएँ ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
   (i) अपनी ताकत के बल पर डटे रहो ।
   (ii) बिल्ली ने दही गिरा दी ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
   (i) बालक की बुद्धिमानी देखकर सभी दाँत तले उँगली दबाने लगे ।
   (ii) उनके प्रत्येक शब्द प्रभाव डालते थे ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

9. 'किसान आत्महत्या' के विरुद्ध एक स्लोगन (नारा) लिखिए ।

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

10. **'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।**

[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] अंक : 01

# PAPER-01 LANGUAGE

21. निम्नलिखित शब्दों का सन्धि–विच्छेद कीजिए :
महर्षि, अभ्युदय, उच्छ्वास, निश्चेत, सच्चरित्र

[ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] अंक : **05**

22. लिंग किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख भेदों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

[ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] अंक : **05**

23. सार्वनामिक विशेषण किसे कहते हैं ? अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण के तीन उदाहरण तीन वाक्यों में लिखिए।

[ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] अंक : **05**

24. Translate the following into English :
भारत के नवजागरण काल में स्त्रियों के अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा हेतु व्यापक अभियान छेड़े गये। ये अभियान अत्यन्त प्रभावी सिद्ध हुए।

[ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] अंक : **02**

25. Translate the following into Hindi :
When need turns into greed, it breeds corruption. Greed originates from a hunger for material goods. Ultimately, it gives us not happiness but discontent. A greedy person always lives in a state of mental poverty despite possessing everything.

[ उत्तर सीमा : **30** शब्द ] अंक : **03**

26. Rewrite the following passage correctly :
All the people in the village know that your son, who studies in an university, has met to a accident. All of them are anxious about his cure. Infact, everybody are praying that he gets well soon. If you will pray sincerely, God will listen your prayer.

[ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] अंक : **05**

## PAPER-01 LANGUAGE

### Part – 3 / भाग – 3

**Maximum Marks – 55**
**अधिकतम अंक – 55**

**नोट :** 1. इस भाग में कुल **05** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।

27. Read the following passage carefully and answer the questions at the end of this passage :

Sardar Vallabhbhai Patel left no property. He made no provision for his daughter. He never kept a watch and his spectacles were 30 years old, with strings. At the occasion of his death, Prime Minister Nehru said, "His name will live forever in the history. He is the Architect of Modern India. He was a wise counsellor in the hour of trial, a trustworthy friend and a man of courage and inspiration." Sardar Patel did not believe in making speeches. He was a man of very few words. He accepted with a calm mind whatever life brought him – happiness or sorrow. Pain or sorrow could not alter a single line of his face. When necessary, he could be dominating. But by nature, he was very courteous. After the Baradoli Satyagrah, he became famous all over India. When he went to attend the congress session, he forgot to take his pass with him. The Volunteers stopped him. He went back. Next day when the volunteers came to know who he was, they were ashamed. But Patel was not at all displeased. Even in his old age, he was so busy that he did not have a moment's rest. He had to tour extensively all over the country and this affected his health. He passed away in Bombay on the morning of 15th December, 1950.

**Questions :**

(1) What is the meaning of "Architect of Modern India" ?

(2) Mention five qualities of Patel's personality.

(3) Choose the words similar in meaning to, "motivation" and "popular".

(4) Give the opposites of the words – 'pleased' and 'discourteous'.

(5) Write the meaning of the phrase 'A man of few words'.

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] अंक : **10**

28. भारतीय संविधान में सन् 1955 से 1967 तक हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए कौन से उपाय किए गए ?

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] अंक : **10**

29. हिन्दी के स्वरों के उच्चारण और लेखन सम्बन्धित मानकीकरण पर प्रकाश डालिए ।

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] अंक : **10**

30. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) हर्र लगे न फिटकरी रंग चोखा ही चोखा (ii) जस दूल्हा तस बनी बरात (iii) छाती पर पत्थर रखना (iv) कान में तेल डालना (v) खून खौलना

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] अंक : **10**

31. वेद भारतीय ज्ञान, चिन्तन और मनन का आदि मानसरोवर है । उनमें ईश्वरीय चिन्तन का अपौरुषेय रूप विद्यमान है, प्रकृति के नाना रूपों की अर्चना और वन्दना है, मानवतावादी जीवन मूल्यों की व्याख्या है, समस्त प्राणी–मात्र के अभ्युदय की ऋचाएँ हैं । वेद समर्पित है लोक कल्याण एवं लोक हित के लिए । वेद में सर्वमंगल, सर्वकल्याण, सर्व सुन्दर, सम्पूर्ण शुचिता, सर्व योग–क्षेम की कामना अभिव्यक्त है । वेद की मान्यता है कि सभी में एक ही ईश्वर का दिव्य रूप है । सभी ईश्वर पुत्र हैं । सभी उसी की अमृत संतान हैं । भारत का सम्पूर्ण चिन्तन इसी मानसरोवर से विविध स्रोतों और निर्झरों के रूप में फूटता है ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।
2. गद्यांश का संक्षेपण कीजिए ।
3. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] अंक : **15 (5+5+5)**

## Part – 4 / भाग – 4

**Maximum Marks – 175**
**अधिकतम अंक – 175**

**नोट :** 1. इस भाग में कुल **05** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।
2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।
3. निबन्ध लेखन हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में से किसी एक भाषा में किया जा सकता है ।

32. प्रत्येक राष्ट्र की एक सांस्कृतिक धरोहर होती है, जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है, मानव युग–युग से अपने जीवन को अधिक सुखमय, उपयोगी, शांतिपूर्ण, आनंदमय बनाने का प्रयास करता रहा है, इस प्रयास का आधार उसकी सांस्कृतिक धरोहर होती है । कुछ लोग संस्कृति और सभ्यता को एक ही मानते हैं, किन्तु दोनों में सूक्ष्म भेद है । संस्कृति मानव जीवन को श्रेष्ठ एवं उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम है और सभ्यता उन साधनाओं के फलस्वरूप उपलब्ध हुई जीवन प्रणाली का नाम है । किसी राष्ट्र की सभ्यता का मूल्यांकन हम उसकी संस्कृति के आधार पर कर सकते हैं । प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर है । प्रकृति का मानव जीवन को प्रभावित करने में महत्त्वपूर्ण हाथ रहता है ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।
(ii) गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।
(iii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए ।

[ उत्तर सीमा : **250** शब्द ] अंक : **15 (2+5+8)**

33. अधिसूचना किसे कहते हैं ? अधिसूचना का एक प्रारूप बनाएँ, जिसमें अवकाश के बाद किसी अधिकारी के पदभार ग्रहण करने का उल्लेख हो ।

[ उत्तर सीमा : **250** शब्द ] अंक : **20**

34. 'हिन्दी भाषा का कंप्यूटरीकरण' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

[ उत्तर सीमा : **250** शब्द ] अंक : **10**

# PAPER-01 LANGUAGE

35. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का चयन करते हुए हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिए :
Write an Essay on any **one** of the following topics in Hindi **OR** English Language –

[ उत्तर सीमा : लगभग **500** शब्द ] अंक : **55**

(i) उत्तराखंड की लोक संस्कृति
Folkculture of Uttarakhand

(ii) देवभूमि उत्तराखंड का प्राकृतिक सौन्दर्य
Natural beauty of Devbhumi Uttarakhand

(iii) उत्तराखंड का कथा साहित्य
Fiction of Uttarakhand

(iv) उत्तराखंड में महिलाओं की सामाजिक स्थिति
Social status of women in Uttarakhand

36. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का चयन करते हुए हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिए :
Write an Essay on any **one** of the following topics in Hindi **OR** English Language –

[ उत्तर सीमा : लगभग **700** शब्द ] अंक : **75**

(i) भारत की विदेश नीति का वर्तमान परिदृश्य
Present Scenario of Indian Foreign Policy

(ii) संचार क्रान्ति
Communication Revolution

(iii) शहरीकरण एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्याएँ
Urbanization and Problems of Environmental Pollution

(iv) आतंकवाद की समस्या और समाधान
Problem of Terrorism and its solution

(v) मानवाधिकार के संरक्षण में भारत की भूमिका
Role of India in Protection of Human rights.